# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 15.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को बनाया गया भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, प्रधानमंत्री सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई।**

2. **लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि।**

3. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप, कहा – झारखंड में 100 रुपये में बालू कहीं उपलब्ध नहीं।**

4. **झारखंड में कड़ाके की ठंड का असर जारी, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक शीतलहर और कोहरे की जताई संभावना।**
   **और**

5. **तीसरे टी–20 मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला में 2–1 की बनाई बढ़त, श्रृंखला का चौथा मुकाबला बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा।**

********************

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा के पार्लियामेंट्री बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन ने पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

********************

आज आधुनिक भारत के शिल्पकार और लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि है। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें याद करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि देश की आजादी के बाद राष्ट्र की अखंडता और एकता के लिए सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय और अनुकरणीय है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इधर रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने भी एक भारत श्रेष्ठ भारत के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड में कहीं भी 100 रुपये में बालू उपलब्ध नहीं है और हेमंत सरकार सदन में झूठा बयान देकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार लघु खनिजों का प्रबंधन ग्राम सभा के अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए, लेकिन हकीकत में सरकार ने दलालों को लूट की खुली छूट दे रखी है।

साथ ही  बाबूलाल मरांडी ने गुमला के झलकापाठ गांव में इलाज में देरी और सड़क के अभाव के कारण 19 वर्षीय गर्भवती एक युवती और उसके बच्चे की मौत पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएँ झारखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में लगातार हो रही हैं। श्री मरांडी ने मांग की कि जिन इलाकों में खाट

और बहंगी पर मरीजों को अस्पताल ले जाने की घटनाएँ सामने आई हैं, उन्हें चिन्हित कर तत्काल आवागमन की सुगम व्यवस्था की जाए।

********************

धनबाद के बरवाअड्डा कृषि बाजार स्थित पुराने थाना परिसर में कल गोविंदपुर अंचल पुलिस निरीक्षक के नवनिर्मित कार्यालय का शुभारम्भ वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने किया। इस मौके पर एसएसपी ने कहा कि निरीक्षक कार्यालय की स्थापना से क्षेत्र में विधि–व्यवस्था संधारण और अपराध नियंत्रण में सहूलियत मिलेगी, साथ ही यहां दस अतिरिक्त पुलिस बल की चौबीसों घंटे तैनाती की गई है।

********************

झारखंड स्टेट सेंट्रल बैंक एसटी एससी ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन की तृतीय अधिवेशन तथा ऑल इंडिया सेंट्रल बैंक एसटी एससी ओबीसी फेडरेशन की हाई पावर कमिटी की बैठक खूंटी मे सुनील रामटेक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एसटी, एससी और ओबीसी कर्मचारियों से जुड़े शोषण, जातिगत उत्पीड़न और अधिकारों के हनन के मामलों पर विस्तृत चर्चा करते हुए इनके समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया और नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

********************

जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र में कल रात दो पक्षों के बीच आपसी विवाद हुआ। वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा और स्थिति पर नियंत्रण पाया। डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

********************

धनबाद के केंदुआडीह में करीब 15 दिनों से हो रहे गैस रिसाव के कारण बीसीसीएल तथा जिला प्रशासन द्वारा लोगों को पुनर्वासित करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन लोग अपनी जगह नहीं छोड़ना चाहते। इस कारण यह प्रयास असफल होता नजर आ रहा है।

********************

घरेलू शेयर बाजार सेंसेक्स और निफ्टी में आज दोपहर के कारोबार में मामूली गिरावट का रुख रहा। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसक्स दो सौ सैंतालीस अंक गिरकर पचासी हजार इक्कीस पर और निफ्टी अस्सी अंक गिरकर पच्चीस हजार नौ सौ सड़सठ पर था।

********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 98 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

********************

राज्य  में कड़ाके की ठंड का असर जारी है और लगभग सभी जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि रांची के कांके में सबसे कम छह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिमी हवाओं के कारण अगले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है और इस दौरान शीतलहर और  कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

********************

पांच टी–20 मैच की श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत ने कल रात धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका के एक सौ अठारह रन के लक्ष्य के जवाब में भारत ने पन्द्रह ओवर और पांच गेंद में तीन विकेट के नुकसान पर एक सौ बीस रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरूण

चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो–दो विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत पांच मैचों की श्रृंखला में दो–एक की बढत बना ली है। श्रृंखला का चौथा मैच बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा।

**********************